Tender Form Sale upto 1.00 PM 29-12-2017
Tender Receipt up to 02.00 pm 29-12-2017
Tender Opening 03.00 pm 29-12-2017
Estimated Cost Rs 6.50 Lacs
Earnest Money Rs 13,000/-


# दी राजस्थान स्मॉल इण्डस्ट्रीज कॉरपोरेशन लिमिटेड,

(राजस्थान सरकार का उपक्रम)
उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर–302005
दूरभाष 0141–2227267 फैक्स 0141–5115766
**Website** : www.rajsico.gov.in **E-mail:** rajsico@rajasthan.gov.in


## जयपुर उद्योग हस्तशिल्प उत्सव–2018, जयपुर

**दिनांक 26.01.2018 से 04.02.2018**

निविदा सूचना संख्याः ज.उ.ह./2018/01

निविदा फार्म शुल्क 200/–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विषय जिस कार्य हेतु निविदा प्रस्तुत की जानी है। | **होर्डिग, विज्ञापन, पेन्टिग कार्य** |
| 2. | निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म का नाम व डाक का पता मय टेलीफोन नं. सहित | मैससर्स :——————————————<br>डाक का पता :——————————<br>——————————————————<br>टेलीफोन नं. :——————————<br>पेन नम्बर ..............................................<br>जी.एस.टी. न0 ........................................... |

3. निविदा सूचना संख्याः ज.उ.ह./2018/01 जो दी राजस्थान स्मॉल इण्डस्ट्रीज कॉरपोरेशन लि., उद्योग भवन, जयपुर के द्वारा जारी की गई है, में वर्णित समस्त शर्तो का पालन करने के लिये हम सहमत है, तथा उक्त निविदा सूचना की अन्य शर्ते जो सलंग्न पृष्ठो में दी गई है, जिसके समस्त पृष्ठो पर उनमें वर्णित शर्तो को हमारे द्वारा स्वीकार किये जाने के प्रतीक स्वरूप हमने हस्ताक्षर कर दिये है । तथा पालन करने के लिये हम सहमत है ।
4. कार्य आदेश प्राप्त होने की दिनॉक से 20 दिवस अथवा दिनॉक 23.01.2018 तक **जो भी पहले हो** कार्य पूर्ण कर दिया जायेगा। अन्यथा निगम द्वारा निर्धारित हर्जाने का जिम्मेदार रहुॅगा।
5. धरोहर राशि हेतु दी राजस्थान स्मॉल इण्डस्ट्रीज कॉरपोरेशन लिमिटेड के पक्ष में जयपुर में देय राशि............................... रूपये का डिमान्ड ड्राफ्ट या रोकड जमा की रसीद संख्या ....................... ....... दिनांक .......................... दर्शावें।

निविदादाता के हस्ताक्षर

नोटः– यदि निविदा की दरें उचित नही पाई गई तो नेगोशियेशन की आवश्यकता होने पर सूचित किया जावेगा, जिसमें निविदादाता का स्वयं या उसका अधिकृत प्रतिनिधि का इस कार्य हेतु कार्यालय में उपस्थित रहना अनिवार्य है।

# दी राजस्थान स्मॉल इण्डस्ट्रीज कॉरपोरेशन लिमिटेड
# जयपुर उद्योग हस्तशिल्प उत्सव–2018, जयपुर
# अम्बेडकर सर्कल, जयपुर
**दिनांक 26.01.2018 से 04.02.2018**

"शिड्यूल एच" (भाग 'ब')

धरोहर राशि 13,000/–

| कसं. | कार्य का विवरण | अनुमानित मात्रा वर्ग फुट | दर इकाई | दर इकाई |
|---|---|---|---|---|
| 1 | फलेक्सी कम्प्युटराइज के 2 फुट x 9 फुट के फेसिया निर्देशानुसार लेखन व फिक्सिंग सहित | 150 नग | प्रति नग | |
| 2 | फलेक्सी कम्प्युटराइज हॉर्डिंग 10 फुट x 20 फुट निर्देशानुसार लेखन व फिक्सिंग सहित | 40 नग | प्रति नग | |
| 3 | फलेक्सी कम्प्युटराइज के कटआउट निर्देशानुसार तैयार कर फिक्सिंग सहित | 2000 वर्ग फुट | प्रति वर्ग फुट | |

उपर्युक्त दरों में जी.एस.टी. के अतिरिक्त समस्त कर इत्यादि सम्मिलित हैं । जी.एस.टी. नियमानुसार अलग से देय होगा ।
संलग्न निविदा की सभी शर्ते हमें मान्य है।

निविदादाता के हस्ताक्षर मय नाम
पोस्टल पत्ते के साथ
दूरभाष न0–
मोबाईल न0–

# दी राजस्थान स्मॉल इण्डस्ट्रीज कॉरपोरेशन लिमिटेड
# जयपुर उद्योग हस्तशिल्प उत्सव–2018, जयपुर
# अम्बेडकर सर्कल, जयपुर
## दिनांक 26.01.2018 से 04.02.2018

## भाग 'अ'

**कार्य का नाम – होर्डिग, विज्ञापन, व पेन्टिग कार्य की शर्ते**

1. निविदादाता को निविदा बन्द लिफाफे में प्रस्तुत करनी होगी ।
2. निविदादाता निम्न दस्तावेज/सूचनाएँ प्रस्तुत करेगा ।
   अ. धरोहर राशि डिमाण्ड ड्राफ्ट या रोकड़ जमा करायी हो तो रसीद सं. ...................... व दिनॉक ................................ ।
   ब. बिक्रीकर/जी.एस.टी. पंजीयन प्रमाण–पत्र एवं क्लीयरेन्स प्रमाण–पत्र संलग्न करेंगे एवं निविदादाता एच शिड्यूल में दर अंकित करेगा । और इसमें किसी प्रकार की शर्त अंकित नही करेगा और न ही प्रस्तुत दरों में कॉट–छॉट करेगा । अन्यथा निविदा अस्वीकार कर दी जावेगी।
   स. निविदादाता ने किसी विशेष मेला अथवा प्रर्दशनी आयोजन में कम से कम 2.00 लाख रूपये का कार्य किया हो। संतोषप्रद कार्य का निष्पादन का प्रमाण–पत्र मय कार्य आदेश सलंग्न करना होगा।
   द. उक्त कार्य आकस्मिक प्रकृति का होने के कारण स्थानीय निविदादाता/स्थानीय व्यक्ति का अनुबन्ध पत्र प्रस्तुत करने वाले निविदाता को प्राथमिकता दी जायेगी। जिसमें अन्तिम निर्णय कमेटी का होगा।
3. आदेश प्राप्ति के पश्चात् 2 दिन में 5 प्रतिशत प्रतिभूति राशि नगद/डिमाण्ड़ ड्राप्ट के रूप में जमा करानी होगी । धरोहर राशि का समायोजन प्रतिभूति राशि में कर लिया जायेगा ।
4. परिवहन, लेबर चार्जेज, फिक्सिंग व सुरक्षा आदि की सम्पूर्ण जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी ।
5. किसी प्रकार की टूट फूट, कमी–बेसी एवं किसी प्रकार की क्षति के लिये विभाग जिम्मेदार नहीं होगा। तथा सामान की सम्पूर्ण सुरक्षा की जिम्मेदारी मय अग्नि के लिए ठेकेदार स्वयं की होगी। इस हेतु उचित व्यवस्था/बीमा इत्यादि व्यय स्वयं अपने स्तर पर करनी होगी ।
6. शिड्यूल एच में दर्शायी गई मात्रा अनुमानित है। आवश्यकतानुसार कार्य उक्त मात्रा से अधिक अथवा कम भी करवाया जा सकता है।
7. सामान को कार्यक्रम के पूर्व/पश्चात्, हटाने लगाने एवं परिवहन इत्यादि की समस्त जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी ।
8. सामान लाने व ले जाने का कोई अतिरिक्त चार्ज देय नही होगा ।
9. निविदाता को बड़े उत्सव, मेला एवं प्रदर्शनी आयोजन में होर्डिग, बैनर, कट आउट व पेन्टिग कार्य का अनुभव होना आवश्यक है। बड़े आयोजन से तात्पर्य यह है कि निविदादाता ने किसी विशेष मेला अथवा प्रर्दशनी आयोजन में कम से कम 2.00 लाख रूपये का कार्य किया हो। निविदादाता के संतोषप्रद कार्य का निष्पादन का प्रमाण–पत्र मय कार्य आदेश प्रस्तुत करेंगा। इसके अभाव में किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा केवल अनुभवी निविदादाताओं को ही कार्य आवंटन किया जावेगा।
10. विभाग न्यूनतम दर वाली सविंदा स्वीकार करने के लिये बाध्य नहीं है व किसी भी निविदा या उसके अंश को बिना कोई कारण बताये कमेटी द्वारा अस्वीकार की जा सकती है ।
11. अन्य स्थानों पर सामग्री ठेकेदार स्वयं को अपने खर्चे पर पहुँचा कर लगानी होगी । सामान अच्छा व साफ सुथरा ही स्वीकार होगा । लगाये जाने वाले सामान की कार्यपालक

इन्जिनियर/अधिकारी द्वारा जॉच कराई जायेगी एवं पॉच प्रतिशत राशि एक मुश्त में जमा करानी होगी ।

12. मेले की अवधि दो दिन तक बढ़ाये जाने पर अतिरिक्त कोई राशि देय नही होगी ।

13. सेवा कर व अन्य देय करों के भुगतान की जिम्मेदारी संवेदक की स्वयं की होगी।

14. सामान को उचित निर्देशों पर लगवाना तथा पूरे कार्यकाल तक चालू रखने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी ।

15. किसी भी प्रकार का अग्रिम भुगतान नही किया जावेगा । मेले में लगे हुये सभी बैनर होर्डिंगस् व पेन्टिग वस्तुओं का सत्यापन मेले की चालू अवधि में गठित कमेटी से करवानें की जिम्मेवारी ठेकेदार स्वयं की होगी । मेले के पश्चात् प्रस्तुत बिल के साथ किये हुए कार्य के फोटाग्राफस् संलग्न करने होगें । संवेदक द्वारा सन्तोष जनक कार्य पूर्ण करने का प्रमाण पत्र गठित कमेटी से प्राप्ति के पश्चात् नियमानुसार करों की कटौतियॉ कर चेक द्वारा भुगतान किया जायेगा । विवादास्पद मामलो के सम्बन्ध में 10 से 25 प्रतिशत की राशि रोकी जावेगी जिसका भुगतान विवाद समाप्ति पर किया जावेगा । उपर वर्णित शेडूयल के अलावा उत्सव स्थल पर ओर कोई भी कार्य कराने हेतु निगम स्वतन्त्र होगी ।

16. कार्य का निष्पादन मेला समन्वयक/ गठित कमेटी के सुपरविजन में करना होगा एवं उनके निर्देशानुसार निर्धारित दिनांक 23.01.2018 को सॉय पॉच बजे अथवा अन्य निर्देशित समय तक पूर्ण करना होगा ।

17. कार्य समय पर व संतोषजनक नही होने पर निगम पेनल्टी लगाने हेतु अधिकृत रहेगी

18. दरें जी.एस.टी के अतिरिक्त सभी करों सहित प्रस्तुत करनी होगी। जी.एस.टी. नियमानुसार अलग से देय होगा ।

19. पूर्व में जिन निविदाकारों ने उत्सव में कार्य किया उनका आचरण/व्यवहार तथा मेलाधिकारियों के निर्देशें की अवहेलना भी निविदा स्वीकृति/ अस्वीकृत का महत्वपूर्ण कारक होगा।

20. किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बतायें स्वीकृत/ अस्वीकृत करने का अधिकार निगम को होगा।

21. सक्षम स्वीकृति के अभाव में किये गये अतिरिक्त कार्य का कोई भुगतान देय नही होगा।

22. कार्य आदेश प्राप्ति के दो दिवस के भीतर 500/— रूपये के नॉन ज्यूडिसियल स्टाम्प पर अनुबन्ध पत्र निष्पादित करना होगा ।

23. निम्न मामलों में अमानत राशि जब्त कर ली जावेगीः—

    अ. जब निविदादाता निविदा खोलने के बाद किन्तु निविदा स्वीकार करने से पूर्व अपनी दर वापस लेता या उसमें संशोधन करता है।

    ब. जब निविदा दाता निर्दिष्ट समय के भीतर विहित करार का निष्पादन नही करता है तथा आदेश के बाद धरोहर राशि जमा नही करवाता है।

    स. आदेश के बाद कार्य पूर्ण करने में असमर्थ रहता है।

24. ठेकेदार अपनी संविदा को या उसके किसी भाग को किसी अन्य एजेन्सी के लिए नहीं सौपेगा या उप भाड़े (सबलेट) पर नहीं देगा ।

25. सा. वि. एवं ले. नि. भाग II के नियम 68 के प्रारूप सं. 16 में खुली निविदा के लिए शर्ते क्र.सं. 1 से 42 तक लागू रहेगी जो कि मुझे मान्य है ।

26 अपरिहार्य कारणो जैसे प्राकृतिक आपदा, महामारी इत्यादि की वजह से उत्सव आयोजन स्थगित या निरस्त भी किया जा सकता है । जिसके लिये निगम का कोई उतरदायित्व नही होगा तथा जब भी उक्त उत्सव आयोजित किया जायेगा तब समस्त कार्य उक्त निविदा मे स्वीकृत दरो पर ही करना होगा ।

निविदादाता के हस्ताक्षर मय
पता व टेलीफोन नं. सहित

निम्न प्रपत्र निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करें –

(1) जी.एस.टी./बिक्री कर/सेवा कर पंजियन प्रमाण पत्र एवं चुकता प्रमाण पत्र

(2) धरोहर राशि का डी.डी/ जमा की रसीद।

(3) अनुभव प्रमाण पत्र/कार्यादेश की प्रति जो कि **एक अल्पकालीन आयोजन मे गत 2 वर्षो में से किसी एक वर्ष में न्यूनतम कार्य आदेश 02.00 लाख** का होना चाहिये तथा कार्य संतोषजनक पूर्ण होने का सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र।